# षोडश बिहार विधान सभा

## त्रयोदश सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-10        वृहस्पतिवार, दिनांक-11 जुलाई, 2019 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.13 बजे अपराह्न तक ।**

प्रश्नकाल प्रारंभ होते ही आसन द्वारा सभी माननीय सदस्यों से कहा गया कि आप सभी ने कल अनुभव भी किया है और आज उसका असर भी दिखा होगा कि कल की सदन की कार्यवाही विशेष रूप से प्रश्नकाल की प्रशंसा सर्वत्र हुई है, इसलिए स्वभाविक रूप से आसन की तरफ से अनुरोध और अपेक्षा रहेगी कि आज भी हम कुछ उसी तरीके से उसी पथ पर चलें ।

[1] **प्रश्नकाल** :-

(i) 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।
(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न अनागत ।
(iii) 07 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।
(iv) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-'क' 242 स्थगित ।
(v) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।
(vi) 131 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] **शून्यकाल** :-

शून्यकाल की सूचना अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

(i) श्री विनोद प्रसाद यादव
(ii) श्री अशोक कुमार सिंह
(iii) श्री मदन मोहन तिवारी
(iv) श्री मो० नवाज आलम
(v) श्री ललन पासवान
(vi) श्री समीर कुमार महासेठ
(vii) श्री अमीत कुमार
(viii) श्री विजय कुमार खेमका
(ix) श्री मो० नेमतुल्लाह
(x) श्री सरोज यादव
(xi) श्री राजेन्द्र कुमार
(xii) श्री अशोक कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-203)
(xiii) श्री विद्या सागर केशरी
(xiv) श्री संजय कुमार तिवारी

(xv) श्रीमती भागीरथी देवी
(xvi) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(xvii) श्री आनन्द शंकर सिंह
(xviii) श्री सुधीर कुमार
(xix) श्री सुनील कुमार
(xx) श्री जिवेश कुमार
(xxi) श्री सुदामा प्रसाद
(xxii) श्री सुबोध राय

[3] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :-

(i) माननीय सदस्य श्री अब्दुल गफूर एवं अन्य दस सभासदों के शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री अब्दुल गफूर द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री शिक्षा विभाग श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव एवं अन्य सात सभासदों के सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए माननीय प्रभारी मंत्री, श्री श्रवण कुमार द्वारा समय की मांग की गयी जिसके फलस्वरूप आसन द्वारा इसे स्थगित करने की घोषणा की गई ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

**<u>भोजनावकाश के बाद</u>**

(02.00 बजे अपराह्न से 05.02 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[4] <u>वित्तीय कार्य</u> :-

**<u>वित्तीय वर्ष 2019-2020 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-07 (परिवहन विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग तथा कला संस्कृति एवं युवा विभाग)] पर वाद-विवाद एवं मतदान</u> :-**

माननीय मंत्री, श्री संतोष कुमार निराला द्वारा परिवहन विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री मो० नेमतुल्लाह

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री तार किशोर प्रसाद ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री रत्नेश सादा
(iii) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(iv) श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी
(v) श्री मो० नवाज आलम
(vi) श्री ललन पासवान
(vii) श्री रामप्रीत पासवान
(viii) श्री आबिदुर रहमान
(ix) श्री सत्यदेव राम
(x) श्री चन्द्रसेन प्रसाद
(xi) श्रीमती रींकी रानी पाण्डेय
(xii) श्री शमीम अहमद

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री, परिवहन विभाग, श्री संतोष कुमार निराला द्वारा वाद-विवाद का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमण कर गये ।

तदोपरान्त् माननीय सदस्य, श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा परिवहन विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[5] <u>निवेदन</u> :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 49 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक-12 जुलाई, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-11.07.2019

**बटेश्वर नाथ पाण्डेय**
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।